Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 06-12-2006

Participants : Singh Shri Rakesh

an>

Title: Need to provide night landing facilities for aircrafts at Jabalpur (airport) , Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : महोदय, लगभग 16 लाख की आबादी वाला जबलपुर मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर है। यहां देश के प्रमुख सुरक्षा संस्थान, हाईकोर्ट, मार्बल उद्योग तथा कई प्रमुख केन्द्रीय तथा निजी संस्थान स्थित हैं। साथ ही यह देश में रेडीमेड वस्त्र निर्माण क्षेत्र में अग्रणी है जिसकी लगभग 400 इकाइयां यहां स्थापित हैं। यहां विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट होने के कारण देश ही नहीं वरन दुनिया भर में लोकप्रिय है।

महोदय, पूरी संभावनाओं के बाद भी यह शहर कई वर्ों से वायुसेवा से वंचित रहा है। वर्तमान में जबलपुर-भोपाल-दिल्ली के लिए निजी एयरलाइंस द्वारा शुरू की गयी सेवा सफलतापूर्वक चल रही है तथा निजी क्षेत्र की दूसरी कंपनियों ने भी अन्य महत्वपूर्ण शहरों से जबलपुर को जोड़ने में रूचि दिखाई है। जबलपुर एयरपोर्ट में एन.ए.ए.आई के एक कार्यालय सहित समस्त सुविधायें हैं परन्तु आज भी यहां पर नाइटलैंडिंग सुविधा नहीं होने से एयर लाइंस कंपनियां नई उडानों के लिए इसे उपयुक्त नहीं मानती हैं। नाइटलैंडिंग सुविधा ब्रिटिश शासनकाल में दूसरे विश्वयुद्ध के समय स्थानीय सेना की यूनिट द्वारा स्वीकृति नहीं देने के कारण निाद्धि की गयी थी। आज आजादी के 58 वर्ों के पश्चात जबकि स्थानीय आर्मी यूनिट को कोई आपत्ति नहीं है जबलपुर एयरपोर्ट में नाइटलैंडिंग सुविधा प्रदान नहीं होने से क्षेत्र के विकास पर विपरीत असर पड़ रहा है। ऐसे में केन्द्र से अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण इस भावी औद्योगिक क्षेत्र को हतोत्साहित होना पड़ रहा है।

महोदय आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि असीम संभावनाओं वाले जबलपुर में एयरपोर्ट पर नाइटलैंडिंग सुविधा हेतु स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।